न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, डीडवाना(नागौर)

पीठासीन अधिकारी : बलवन्त सिंह लिग्री , आर०ए०एस०

अपील संख्या 18/2018

1– हनुमानराम पुत्र बेगाराम जाति जाट , निवासी तंवरा, तहसील लाडनूं, जिला नागौर, राजस्थान।

.....अपीलान्ट

बनाम

1– राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार, लाडनूं जिला नागौर राजस्थान

.....रेस्पोन्डेन्ट

उपस्थित अधिवक्ता–

1–श्री विकास डोलिया, हाकम अली एवं विकम कुड़ी, अधिवक्तागण अपीलान्ट

अपील अन्तर्गत धारा 75 एल.आर.एक्ट

अपील विरूद्ध निर्णय एवं दण्डादेश दिनांक 15.03.2017 पारित द्वारा संख्या 89/2016 किस्म मुकदमा राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 न्यायालय तहसीलदार लाडनूं जिला नागौर राज0 पीठासीन अधिकारी आदूराम मेधवाल आर.टी.एक्ट द्वारा राज0 राज्य बनाम हनुमानराम में पारित किया गया।

निर्णय

दिनांक– 23.07.2018

अपीलान्ट की ओर से अपील के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है :–

1– यह है कि दिनांक 20.12.2016 को प्रत्यर्थीगण संख्या 02 ने एक रिपोर्ट अन्तर्गत भू राजस्व अधिनियम की धारा 91के तहत कार्यवाही करने बाबत प्रत्यर्थी संख्या 01 के न्यायालय में पेश की जिस पर प्रत्यर्थी संख्या 01 के न्यायालय में मुकदमा 89/16 अनुवान सरकार जरिये पटवारी तंवरा बनाम हनुमानराम किस्म मुकदमा धारा 91 एल.आर. एक्ट 1956 के तहत दिनांक 20.12.2016 को अधिनस्थ न्यायालय ने अपीलार्थी के विरूद्ध

मुकदमा दर्ज किया जाकर अपीलार्थी को नोटिस जारी किया गया एवम आगामी तारिख पेशी 11.01.2017 को फरमायी गई।

2– यह है कि दिनांक 11.01.2017 को अपीलार्थी को नोटिस नहीं मिलने की वजह से उपस्थित नही हो सका। दिनांक 30.01.2017 को अपीलार्थी के अधिवक्ता श्री छोगाराम बुरड़क ने वकालतनामा पेश किया । दिनांक 22.02.2017 को अप्रार्थी अधिवक्ता ने अप्रार्थी का जवाब पेश किया । अप्रार्थी ने अपने जवाब में जाहिर किया कि प्रार्थी आबादी क्षेत्र में मकानों का निर्माण कर निवास कर रहे है। इसलिए सरकारी भूमि पर अतिक्रमी करार दिया जाना न्यायोचित नहीं है। आपके द्वारा बताई गई मौजा तंवरा की आबादी भूमि है। अप्रार्थी के जवाब के संदर्भ में पटवारी हल्का एवं भू अभिलेख निरीक्षक के द्वारा कलमबद्ध किये गये, जिसके अनुसार अप्रार्थी ने खसरा नम्बर 165 सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है, जो गैर मुमकिन गौचर है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों तथा पटवारी हल्का तंवरा व भू अभिलेख निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट व बयानात का भलीभांति अध्ययन व अवलोकन किया गया । जिससे अप्रार्थी का सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया जाना बेखूबी साबित होता है। मौजा तंवरा जाप्ता खसरा 165 रकबा 1.00 बीघा किस्म गैर मुमकिन गौचर पर मकान दड़ा इत्यादि बनाकर राजकीय भूमि पर अतिक्रमण किया है। अप्रार्थी द्वारा किया गया अतिक्रमण राज0 भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के प्रावधान का उललघंन है जो अतिक्रमण की क्षेणी में आता है। अतः अप्रार्थी को अतिक्रमी माना जाकर उक्त खसरा नम्बर 165 रकबा 1.00 बीघा किस्म गैर मुमकिन गौचर से बेदखल किये जाने के आदेश दिये जाते है। अप्रार्थी पर लगान दर 0.55 के 50 गुणा से जुर्माना रूपये 28/– अक्षरे अठाईस रुपये कायम किया जाता है। अप्रार्थी से जुर्माना वसूली हेतु पटवारी हल्का भौतिक रूप से बेदखली हेतु भू अभिलेख निरीक्षक एवं मांग कायम हेतु तहसील राजस्व लेखाकार कार्यालय हाजा को तहरीर जारी हो।

3–यह है कि विद्वान अधिनस्थ न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 15.03.2017 से व्यथित होकर अपीलार्थी द्वारा यह अपील निम्न आधारों पर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत है :–

–: अपील के आधार :–

(1) यह है कि विद्वान अधीनस्थ न्यायालय का आलौच्य आदेश एवं दण्डादेश दिनांक 15.03.2017 को पारित करने में प्राकृतिक न्याय से सिद्धान्तों की अवहेलना की है। अपीलार्थी को गवाह पेश करने व मौखिक रूप से सुनने का कोई अवसर नही दिया गया इस कारण विद्वान अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आलौच्य आदेश एवं दण्डादेश दिनांक 15.03.2017 अधीन अपील अपास्त किये जाने योग्य है।

2– यह है कि अपीलार्थी द्वारा विद्वान अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष मा... को कन्टेस्ट करने हेतु अधिवक्ता की नियुक्ति भी की गयी थी एवम् अ...र्थी द्वारा विद्वान विचारण न्यायालय के समक्ष जवाब भी प्रस्तुत किया ... था उसके बावजूद दिनांक 08.03.2017को व निर्णय के दिन दिनांक 15–03–2017 को अपीलार्थी व उसके अधिवक्ता की अनुपस्थिति ... की गई जिससे स्पष्ट है कि विद्वान विचारण न्यायालय ने अपीला...को सुनवाई का समुचित अवसर नही दिया। आदेशिक दिनांक 15.03.2..18 से भी प्रमाणित है। उक्त तथ्यों की अनदेखी करते हुये विद्वान अ...नस्थ न्यायालय ने आलौच्य आदेश पारित किया है जो अधीन अपास्त कि... जाने योग्य है।

3– यह है कि पटवार हल्का द्वारा ग्राम पंचायत सरपंच के दबाव में आक... उक्त कार्यवाही पेश की जबकि उक्त तीनों खसरान् में करीब 166 ...रिवार अपने–अपने मकान बनाकर निवास करते आ रहे है। इस प्र... 35 परिवारों के विरूद्ध धारा 91 की कार्यवाही कर बेदखल करने की ...पात पूर्ण कार्यवाही की है तथा शिकायत कर्ता राजनितिक प्रतिस्पर्दा के तहत कार्यवाही कर अपनी राजनितिक रंजिश निकालने का प्रयास कर ... है। इस कारण 166 परिवारों में से मात्र 35 परिवारों के विरूद्ध झुठी ...कायत कर कार्यवाही की है जो अधीन अपील अपास्त किये जाने योग्य है।

4– यह है कि अपीलार्थी का मकान आबादी भूमि ग्राम तंवरा में बना ... है जिसमें अपीलार्थी के द्वारा घरेलू लाईट व पानी कनेक्शन ले रखे ... तथा सदीन काल से मकान बने हुये है। इससे स्पष्ट है कि अपीलार्थी ...बादी क्षेत्र तंवरा में मकान कर निर्माण कर निवास कर रहे है। जो ... भी अतिक्रमी नहीं है। उक्त तथ्यों की अनदेखी करते हुये अधीनस्थ न्याय... ने आलौच्य आदेश पारित किया है जो अधीन अपील अपास्त किये ... है।

5– यह है कि उक्त प्रकरण में प्रत्यर्थीगण संख्या 02 की केवल मात्र ... एवं ... के आधार पर विद्वान अधीनस्थ न्यायालय ने आलौच्य आ... एवं ...आदेश दिनांक 15.03.2017 को पारित करगया। इसमें विद्वान अ...नस्थ न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेज एवं साक्ष्य का सही वि...षण नही किया है इस कारण विद्वान अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित ...च्य आदेश अधीन अपील अपास्त किये जाने योग्य है।

6— यह है कि अपीलार्थी के विरूद्ध खसरा नम्बर 165 रकबा 1.00 बीघा किस्म गैर मुमकिन गौचर पर अतिक्रमी मानकर योग्य अधिनस्थ न्यायालय ने निर्णय जैर अपील पारित करने में कानूनी एवं वाक्याती भूल की अतः योग्य अधिनस्थ न्यायालय का निर्णय जैर अपील अपास्त किये जाने योग्य है।

7— यह है कि विद्वान अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आलौच्य आदेश/दण्डादेश दिनांक 15.03.2017 गुणावगुण के आधार पर पारित किया गया आदेश नही है। इस कारण विद्वान अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आलौच्य आदेश/दण्डादेश दिनांक 15.03.2017 को अपास्त फरमाया जावे।

8— यह है कि अपीलार्थी की अपील विद्वान अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार लाडनूं जिला नागौर के विरूद्ध है। इस कारण उक्त अपील माननीय न्यायालय के क्षैत्राधिकार व श्रवणाधिकार की है।

9— यह है कि अपीलार्थी को नोटिस मिला तथा अपीलार्थी ने उक्त नोटिस का जवाब अपने अधिवक्ता के मार्फत दिया गया था फिर माननीय अधीनस्थ न्यायालय ने अपीलार्थी व उसके अधिवक्ता की अनुपस्थित रहने के बावजूद उक्त आलौच्य आदेश पारित किया है। उक्त आलौच्य आदेश की नकल अपीलार्थी ने दिनांक 23.02.2018 को प्राप्त की इसलिए अपील अन्दर मियाद है।

10— यह है कि अन्य उजरात बर उक्त अर्ज किये जायेगे।

अतः अपीलार्थी की अपील पेश कर माननीय न्यायालय से विनम्र पूर्वक प्रार्थना है कि अपीलार्थी की अपील स्वीकार फरमायी जाकर विद्वान अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आलौच्य आदेश/दण्डादेश दिनांक 15.03. 2017 को अपास्त फरमाया जावे एवं विकल्प में अपीलार्थी का यह भी प्रार्थना है कि अपीलार्थी की अपील स्वीकार फरमायी जाकर विद्वान अधीनस्थन न्यायालय द्वारा पारित आलौच्य आदेश/दण्डादेश दिनांक 15.03. 2017 को अपास्त फरमाया जाकर इस निर्देश के साथ पत्रावली को विद्वान अधीनस्थ न्यायालय अपीलार्थी को उक्त प्रकरण में सुनवाई का, जवाब व साक्ष्य, दस्तावेज पेश करने का समुचित अवसर देकर प्रकरण का गुणावगुण के आधार पर पुनः निर्णय पारित करे।

यह अपील अपीलान्ट के विद्वान अधिवक्ता श्री विकास [illegible] द्वारा पेश की गयी। जो दिनांक 07.3.2018 को दर्ज रजिस्टर की [illegible] रेस्पोडेन्ट को जरिये नोटिस तलब किया गया। तथा अधिनस्थ न्यायालय को रेकर्ड हेतु तलबी जारी की गयी। अधिनस्थ न्यायालय का रि[illegible] नोटिस तामिल होकर दिनांक 19.4.2018 को प्राप्त हुवे जो शामिल [illegible]

किये गये। अधिनस्थ न्यायालय का रिकार्ड दिनांक 11.5.18 को प्रा. जो शामिल निसल किया गया ।

अपीलान्ट के विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गयी। पत्रा ओं पर उपलब्ध रिकार्ड का अवलोकन व मनन किया गया। प्रस्तुत प्रकरण में अपीलान्ट अप्रार्थी द्वारा ग्राम मौजा तंवरा जागीर के ख0नं0 165 रकबा 1.00 बीघा गैर मु0 गोचर पर मकान बाड़ा व चार दिवारी बनाकर राजकीय भूमि पर अतिक्रमण करने पर अपीलार्थी को अतिक्रमी घोषित कर भौतिक रूप से बेदखल किया गया तथा धारा 91 भू–राजस्व अधिनियम 1956 के तहत 28/– रूपये अर्थदण्ड आरोपीत किया गया ।

गौचर की जमीन सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आराजी है जिसमें धारा 16 आर.टी.एक्ट के तहत उक्त पर किसी प्रकार के खातेदारी अधिकार प्राप्त नही होते हैं। न ही गोचर भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा आबादी [illegible] जारी किया जा सकता है। अप्रार्थी ने स्वयं अपने लिखित जवाब में [illegible] है कि वह आबादी क्षैत्र में राजकीय भूमि पर मकान का निर्माण कर [illegible] रहा है। पटवारी हल्का तंवरा व भू–अभिलेख निरीक्षक की [illegible] भी अप्रार्थी को गै0मु0गोचर भूमि पर अतिक्रमण करना बताया [illegible] बिना पट्टे बिना नियमन के गोचर भूमि पर मकान [illegible] बनाना अतिक्रमण की श्रेणी में आता है, तथा यह भी नहीं कहा जा सकता है कि अप्रार्थी को सुना नहीं गया है क्योंकि अधिनस्थ न्यायालय की [illegible] दिनांक 22.2.17 में अप्रार्थी ने स्वम उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत किया जो शामिल मिसल है। अतः अधिनस्थ न्यायालय द्वारा दिनांक 15.3.2[illegible]7 को किया गया निर्णय विधी सम्मत है।

:::: आ दे श ::::

अतः अपीलान्ट की अपील खारिज की जा कर अधिनस्थ न्यायालय का आदेश दिनांक 15.03.2017 बहाल र खा जाता है।

(बलवन्त सिंह ल ..)
अतिरिक्त जिला क . . . र
डीडवाना जिला . . और

निर्णय आज दिनांक 23.07.2018 को मेरे हस्ताक्षर व न्याया . . की मुद्रा से जारी कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(बलवन्त सिंह . . .)
अतिरिक्त जिला क . . क्टर
डीडवाना (ना . . .)